जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

14 फरवरी 2020

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में जेटीए द्वारा तीन दिवसीय मल्टीडिसिप्लिनरी इंटरनेशनल कांफ्रेंस

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के शताब्दी वर्ष समारोह के हिस्से के तौर पर जामिया टीचर्स एसोसिएशन (जेटीए) 16 से 18 फरवरी, 2020 तक तीन दिवसीय जेटीए मल्टीडिसिप्लिनरी इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन कर रही है।

विश्वविद्यालय के डॉ एम.ए. अंसारी सभागार में सम्मेलन का उद्घाटन समारोह होगा। ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉड्र्स के सदस्य प्रो भीकू सी. पारेख, इसके चीफ गेस्ट होंगे और जीएआईएल के मुख्य महाप्रबंधक, श्री अनूप गुप्ता गेस्ट आॅफ आनर । समारोह की अध्यक्षता जामिया की कुलपति प्रो नजमा अख्तर करेंगी।

तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान ‘‘ एक शाम, शहीदों के नाम ‘‘ से सांस्कृतिक कार्यकम और एक कला प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा।
’महात्मा गांधी और उनकी विरासत’ पर एक विशेष सत्र 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल श्री नजीब जंग मुख्य अतिथि होंगे और प्रो. भीकू सी. पारेख इसकी अध्यक्षता करेंगे। जामिया के पूर्व उप कुलपति प्रो. शाहिद महदी, 17 फरवरी, 2020 को आयोेजित ‘‘जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापक‘‘ पर एक विशेष सत्र की अध्यक्षता करेंगे। वेलकम ट्रस्ट यूके-डीबीटी इंडिया एलायंस के सीईओ डॉ. शाहिद जमील इस सत्र के चीफ गेस्ट होंगे और जामिया के प्रो वाइस चांसलर, प्रो. इलियास हुसैन गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे।
इस कांफ्रेंस के तहत ‘नागरिकता और भारतीय संविधानः अधिकार एवं कर्तव्य ’ विषय पर एक विशेष सत्र 18 फरवरी, 2020 को आयोजित होगा, जिसमें कई विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगेे। सत्र का संचालन जामिया के प्रसिद्ध इतिहासकार, उपन्यासकार, राजनीतिक और सामाजिक निबंधकार, प्रो. मुकुल केसवन करेंगे।

अहमद अज़ीम
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक